दिनांक 11.12.2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

अवैध रूप से खुले मे चिकन मटन दुकान पर की गई कार्यवाही

भिलाईनगर। निगम द्वारा चलाये जा रहे बेदखली अभियान सोमवार को खुले में अवैध रूप से संचालित चिकन मटन के दुकान, चौक चौराहों पर ठेला व पसरा लगाने वाले तथा जीई रोड किनारे सामान घेरकर सड़क बाधा करने वालों के विरूद्ध चला। शीतला काम्पलेक्स पावर हाउस क्षेत्र के कसाई मोहल्ले में नाली के उपर टीन शेड डाल कर किये गये अवैध निर्माण को राजस्व अधिकारी व जोन आयुक्त की उपस्थिति में जेसीबी से ध्वस्त किया गया तथा जीई रोड में लम्बे समय से लगे प्रचार-प्रसार के गेट को हटाया गया। नगर पालिक निगम, भिलाई की बेदखली टीम सोमवार को साक्षरता चौक से सर्विस रोड पर विक्रय के लिए खड़े किए गए गाड़ी को हटवाया , एक आटो एजेंसी द्वारा इलेक्ट्रिकल विकल प्रदर्शन के लिए अस्थायी छतरी डाल सड़क बाधा कर रखे थे , उसे जप्त कर रास्ते के आवागमन को खोला गया। पावर हाउस सब्जी मार्केट में पुराना रोजगार कार्यालय के सामने लगे अस्थायी शेड को स्वयं से हटाने व्यापारी संघ के पदाधिकारियों ने अपनी सहमति दी है। निगम को कसाई मोहल्ला पावर हाउस में नाली के उपर ईट व टीन से शेड बनाने की शिकायत प्राप्त हुई थी, जिससे नाली के सफाई में भी बाधा आ रहा था। जिसे पुलिस बल की उपस्थिति में शेड तथा सीमेंट टंकी जो नाली के उपर बना था उसे जेसीबी से ध्वस्त किया गया। भिलाई निगम द्वारा चलाए जा रहे बेदखली अभियान के तहत अवैध रूप से संचालित चिकन-मटन , मछली दुकान पर ताबड़तोड़ कार्यवाही किए। निगम की टीम ने खुर्सीपार स्थित बाबा बालकनाथ मंदिर , कालीबाड़ी नाला, ओम शांति ओम चौक, भगवा चौक, सूर्या माल जुनवानी चौक, जुनवानी नाला, जुनवानी पेट्रोल पंप सहित विभिन्न स्थानों पर अवैध रूप से संचालित चिकन-मटन , मछली दुकान पर कार्यवाही करते हुए बेदखल किया गया साथ ही चौक चौराहो के किनारे ठेला, फल सब्जी बेचने वाले जो आवागमन को प्रभावित करते है ऐसे लोगों को बाजार नही

लगाने की हिदायत दी है।

vivo Y16
Dec 11, 2023 16:22